website : www.grpgcrampur.com
E-mail : grpg.rmp@gmail.com

# न्यूज़ बुलेटिन

सत्र 2021–22 | अंक : 3 | 01 जुलाई – 31 दिसम्बर 2021

## राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उ०प्र०

स्थापना वर्ष :1949
(सम्बद्ध : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उ.प्र.)
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा (तृतीय चक्र) 'बी' ग्रेड प्रदत्त

### प्राचार्य की कलम से...



गंगा–जुमनी तहजीब और हिन्दू–मुस्लिम भाईचारे के लिये मशहूर रामपुर जनपद में स्थित राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर अपना एक अहम मुकाम रखता है। सन 1949 से स्थापित यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। महाविद्यालय का लक्ष्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है अपितु विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की परम्पराओं से परिचित कराते हुये संस्कारवान एवं मूल्यवान शिक्षा देने के साथ ही प्रतिस्पर्धा की दौड़ में खड़ा करना है। हमारा यह प्रयास है कि विद्यार्थियों के ऐसे चरित्र का निर्माण हो जिससे वह भविष्य में परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकें। महाविद्यालय के सकारात्मक प्रयासों के आलोक प्रतीक इस 'न्यूज बुलेटिन' के तृतीय अंक के प्रकाशन हेतु मैं प्रधान संपादक डॉ० अब्दुल लतीफ एवं संपादक मण्डल के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

**प्रो० (डॉ०) पी० के० वार्ष्णेय**
**प्राचार्य**

### स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त 2021)



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में भारतीय स्वाधीनता के 75 वें पावन पर्व पर प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय परिसर में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियो,छात्र–छात्राओं के साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समारोहक डॉ० सै० मो० अरशद रिज़वी द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय जी ने कहा कि आज देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए लेकिन आज भी हमारे देश मे सुदूर ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सरकार विकास के लिये पर्याप्त धन दे रही है, लेकिन व्यवस्था की खामी के कारण वह धन वहाँ तक नहीं पहुँच रहा है। इस कमी को दूर करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. एवं रोवर्स–रेंजर्स के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं फूलदार पौधों का भी रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ० सै० मो० अरशद रिज़वी ने किया।



### पर्यावरण क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम (5 जुलाई 2021)






राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य के दृष्टिगत् रखते हुये दिनांक 5 जुलाई 2021 को 550 पौधे रोपित किये गये, जिसमें सागौन, अमरूद, जामुन, कंजी, अर्जुन सम्मिलित थे, वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय एवं पर्यावरण प्रभारी डॉ० हितेन्द्र कुमार सहित सभी शिक्षकों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गयी। वृक्षारोपण के पश्चात् शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण प्रक्रिया की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गयी तथा वन विभाग उ०प्र० के ऐप पी०एम०एस० ऐप के द्वारा जियो टैगिंग के साथ अपलोड कर दी गयी।

## सम्पादक की कलम से...



उत्तर कोरोना समय में उच्च–शिक्षा के सामने कई चुनौतियाँ मुँह वायें खड़ी है। ऐसे समय में उच्च–शिक्षा की शिक्षण पद्धति, परीक्षा के कार्य, मूल्यांकन की पद्धति में नए रुपान्तरण लाकर अपनी उच्च–शिक्षा को इस समय में अवस्थित करना है। साथ हीं हमें दुनिया के बड़े उच्च शिक्षण संस्थाओं के सामानांतर अपने को मजबूत एवं आकर्षक बनाना भी है। उच्च शिक्षा को समाहारी बनाएँ रखने के लिए भारतीय समाज के उपेक्षित एवं अति उपेक्षित समूहों को भी डिजिटल रुपांतरण से जोड़ना होगा। ऐसा लगता है कि भविष्य में उच्च–शिक्षा में शिक्षण एवं शोध, जीवंत चेहरों की उपस्थिति बोर्ड एवं स्क्रीन में बदल जायेगी। इस प्रक्रिया में मानवीय चेहरे सीधे नहीं रहेंगे, इसमें शिक्षक भी होंगें और छात्र भी, पर दोनों स्क्रीन पर होंगें और यह भी संभव है कि हमारी सामाजिकता भी स्क्रीन पर टंग जाएँ।

गत जुलाई माह से दिसम्बर 2021 तक महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अन्दर समेटे हुये यह 'न्यूज–बुलेटिन आपके हाथों में सौंपते हुये अत्यन्त गर्व और हर्ष से अभिभूत हूँ और साथ ही त्रृटियों के लिये क्षमाप्रार्थी भी हूँ, मैं सम्पादक मण्डल का हृदय से आभारी हूँ जिनका सहयोग मुझे निरन्तर मिलता रहा, विशेष रूप से डा० सीमा तेवतिया जी का जिन्होंने तकनीकी रूप से इस बुलेटिन के प्रकाशन में हमारी मदद की, साथ ही अपने महाविद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन हेतु मुझे अपना सहयोग प्रदान किया।


**डॉ० अब्दुल लतीफ़**
प्रधान संपादक
मो०: 9219258910
ई–मेल : dr.abdullatif74@gmail.com




## शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह ( दिनांक 5 सितम्बर 2021)




उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन हेतु रामपुर जनपद के विभिन्न डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

नगर के दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन में राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अधिकांश प्राध्यापकों को अनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

## एन.सी.सी. के छात्रों द्वारा यातायात रैली (दिनांक 1 नवम्बर 2021)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर की एन.सी.सी. इकाई द्वारा यातायात रैली का आयोजन किया गया। यातायात माह नवम्बर के तहत पुलिस प्रतिदिन लोगों को नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को नगर के विभिन्न चौराहों से यातायात जागरूकता रैली निकाली गयी। इसमें शामिल एन.सी.सी. केडैट यातायात नियम लिखे स्लोगन की तख्तियाँ लेकर चल रहे थे। साथ ही एन.सी.सी. केडैट लोगों में पेम्प्लेट का वितरण और लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने कहा कि सिर सलामत तो सब सलामत। इसलिये बाइक चलाते समय हर हाल में हैल्मेट का प्रयोग करें। इस अवसर पर एन.सी.सी. प्रभारी डा० प्रवेश कुमार सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे।






## हिन्दी दिवस / हिन्दी सप्ताह का आयोजन (दिनांक 14 सितम्बर 2021)

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर उ0 प्र0 में दिनांक 14 सितंबर से 21 सितंबर 2021 तक हिन्दी सप्ताह मनाया जा रहा है ।इसी क्रम में आज दिनांक 14 सितंबर 2021 को 'राजभाषा हिंदी परिषद'' के तत्त्वावधान में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर ''विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी का प्रयोग'' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा0 एस0एस0 यादव ने कहा कि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में आज भी हिंदी का प्रयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी विज्ञान, इंजीनियरिंग , कंप्यूटर एवं मेडिकल के क्षेत्र में स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर स्तरीय हिंदी पुस्तकों का अभाव है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के स्तर पर हिंदी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए हिंदी की स्तरीय पुस्तकों का प्रकाशन किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डा0 अब्दुल लतीफ एवं धन्यवाद ज्ञापन डा0 अरुण कुमार ने किया



**विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी का प्रयोग विषय पर हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन**

## एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा गांधी समाधि पर श्रमदान (14 अगस्त 2021)



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गांधी समाधि पर स्वच्छता एवं श्रमदान किया गया। एन.सी.सी. कैडेट की छात्रा कु० पूजा ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाये रखने सम्बन्धी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिये वे चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिये कार्य करें। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरे करने के लिये, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

## एन.सी.सी. कैडेट्स ने घाटों पर चलाया सफाई अभियान (दिनांक 10 सितम्बर 2021)



एनसीसी कैडेट्स ने घाटों पर चलाया सफाई अभियान

अभियान के अंतर्गत कोसी नदी को साफ करने की जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर। एनसीसी कैडेट्स जिले भर में कोसी नदी को स्वच्छ करने के लिए अभियान चलाकर कोसी नदी को स्वच्छ करेंगे। अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय रजा डिग्री कालेज के एनसीसी कैडेट्स ने कोसी नदी के तट पर सफाई अभियान चलाया।

पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत देश की संपूर्ण नदियों, झीलों तथा समुद्रों के तटों को स्वच्छ एवं साफ रखने का संकल्प लिया गया है। जिसके तहत जिस शहर में भी नदियाँ बह रही हैं उन सब के तटों को स्वच्छ एवं साफ रखा जाएगा। एनसीसी कैडेट्स समाज को जागरूक करने हेतु तटों की सफाई के साथ-साथ जागरूक अभियान भी चलाएंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम हेतु निबंध एवं चार्ट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

रामपुर में कोसी नदी घाट की सफाई करते राजकीय रजा डिग्री कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स। संवाद

रजा डिग्री कालेज के कैडेट्स को मिली कोसी नदी के तटों की सफाई करने की जिम्मेदारी

23 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी मुरादाबाद ने जनपद रामपुर में स्थित कोसी नदी के तटों की सफाई अभियान हेतु राजकीय रजा डिग्री कालेज के कैडेट्स को दी है। अभियान की शुरुआत में मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स द्वारा सफाई अभियान चलाया। एनसीसी कैडेट्स ने कोसी नदी पर जाकर तट की सफाई की। तटों से प्लास्टिक के कट्टे एवं प्लास्टिक की थैली आदि को एकत्रित किया गया और जल का संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान 45 एनसीसी कैडेट्स ने अभियान में हिस्सा लिया। संवाद

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने कोसी नदी को स्वच्छ करने के लिये अभियान चलाकर नदियों को स्वच्छ करने का सदेंश दिया। पुनीत सागर अभियान के अन्तर्गत देश की सम्पूर्ण नदियों, झीलों तथा समंदरों के तटों को स्वच्छ एवं साफ रखने का संकल्प लिया गया है। जिसके तहत जिस शहर में भी नदियाँ बह रही है उन सबके तटों को स्वच्छ एवं साफ रखने में एन.सी.सी. कैडेट्स पूरा सहयोग करेगें। एन.सी.सी कैडेट शिवानी साहनी ने कहा नदियों के साथ उनके तटों को स्वच्छ रखने के लिये सभी को आगे आना चाहिये। नदी के तटों पर पौलीथीन न छोड़े। हम पूरी शिद्दत से इस अभियान को सफल बनायेगें।



नदियों के साथ उनके तटों को स्वच्छ रखने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। नदी के तटों पर पॉलिथिन न छोड़ें। जिससे नदियों को स्वच्छ किया जा सके। एनसीसी कैडेट्स पूरी शिद्दत से इस अभियान को सफल बनाएंगे। -शिवानी सैनी, एनसीसी कैडेट

लोगों को चाहिए कि वह नदी के तटों को गंदा न करें। जिससे पर्यावरण को संतुलित को रखा जा सके। नदी के तटों को साफ रखना लोगों की भी जिम्मेदारी है। नदी को साफ करने के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। -सत्यम सिंह, एनसीसी कैडेट

नदियां साफ होंगी तो लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा। सभी प्रण लें कि नदियों के तटों को गंदा नहीं करेंगे। एनसीसी कैडेट्स सफाई के लिए समाज को भी जागरूक करेंगे। - स्वाति,एनसीसी कैडेट

अभियान में एनसीसी कैडेट्स न केवल तटों की सफाई करेंगे बल्कि, आसपास के तालाबों को सुरक्षित कर संरक्षण प्रदान करेंगे। प्रदूषण की रोकथाम के लिए निबंध एवं चार्ट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। - हवलदार एनसीसी, विजेंद्र

## बी.एड. विभाग द्वारा चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन (29 नवम्बर 2021)





राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के बी.एड. विभाग द्वारा दिनांक 29 नवम्बर 2021 को धूम्रपान निषेध विषय पर चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बी.एड. विभाग के सभी छात्र/छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को धूम्रपान के जरिये उनके स्वास्थ्य पर तम्बाकू के प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाना और शिक्षित करना है। कई लोगों की धूम्रपान करने की आदत होती है इससे स्वास्थ्य को गम्भीर खतरे होते है धूम्रपान करने से अक्सर फेफड़ों को कैंसर होता है। इस अवसर पर बी.एड विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती (दिनांक 02 अक्टूबर 2021)




राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 152 वीं जयंती एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में प्रातः 8:45 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) पी० के० वार्ष्णेय जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्तपश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) पी० के० वार्ष्णेय जी द्वारा सत्य, अंहिसा और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर्स–रेंजर्स एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण एवं श्रमदान भी किया गया। प्रातः 9:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) पी० के० वार्ष्णेय सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अतिथियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया गया।

## मतदाता जागरूकता अभियान (दिनांक 01 नवम्बर 2021)




दिनांक 1 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी छात्र/छात्राओं को मतदाता जागरूकता विषय पर जानकारी दी तथा जिन छात्र–छात्राओं की उम्र 18 वर्ष से अधिक है उनका मतदाता बनने हेतु फार्म 6 भरने के लिए कहा। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पी० के० वार्ष्णेय ने कहा कि लोकतंत्र में हर हाल में अपने वोट का प्रयोग करें। विधानसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लोगों को मतदान करने के लिये जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा बूथ लेबल अधिकारी डोर टू डोर सर्वे कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह (27–28 दिसम्बर 2021)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वार्षिक क्रीड़ा के पहले दिन उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन कुमार जनपद क्रीड़ा अधिकारी ने शिरकत की। समारोह का आरम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर नवीन कुमार ने कहा कि युवा अपनी पढ़ाई के साथ खेल से भी जुड़े एवं खेल द्वारा भी अपने कैरियर को संवारा जा सकता है। प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने खेल आयोजन की सफलता के लिये छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल के द्वारा जीवन में आरोग्य एवं अनुसाशन कायम होता है जो कि सफल जीवन के जरूरी शर्त है। महाविद्यालय हमेशा से छात्रों के व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है जिसका लाभ अधिक से अधिक छात्र लेते है। प्रथम दिवस में आयोजित 400 मीटर पुरुष दौड़ में मुकेश बी.ए. ने प्रथम, घनश्याम बी.ए. ने द्वितीय, मो. अजीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीअर महिला दौड़ में दीपा, सोनिया एवं कोमल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया, 200 मीटर महिला दौड़ में दीपा, सोनिया एवं निधि ने पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान पाया। कार्यक्रम का संचालन श्री सैय्यद अब्दुल वाहिद शाह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डा० मुजाहिद अली ने किया।






पढ़ाई के साथ खेल से भी जुड़े, खेल से अपने कैरियर को संवारा जा सकता है : नवीन कुमार

राजकीय रजा डिग्री कालेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलों का हुआ आयोजन

## युवा महोत्सव 'उमंग' (दिनांक 8, 9 एवं 10 दिसम्बर 2021)



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 8–10 दिसम्बर 2021 को युवा महोत्सव 'उमंग' का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पी. के. वार्ष्णेय ने उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि उप जिलाधकारी, रामपुर श्री मनीष मीणा जी को स्मृति चिन्ह और बुके देकर स्वागत किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी श्री मनीष मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के उपलक्ष्य में उनके आर्दशों, शिक्षाओं एवं योगदानों का सम्मान करने और उन्हें संजोने के लिये बनाया जाता है। युवा महोत्सव प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करने के साथ साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करता है। तीन दिनों तक चलाने वाले इस युवा महोत्सव के अन्तिम दिन के मुख्य अतिथि माननीय जिलाधिकारी रामपुर श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने कहा युवा महोत्सव का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, साम्प्रदायिक सद्भाव की भावना, वीरता एवं साहस की अवधारणा को युवाओं में प्रचरित करने के उद्देश्य से युवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव का उद्देश्य भारत की विभिन्न संस्कृतियों को एक साथ लाना है। मैं इस महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के कार्यक्रमों को देखकर काफी प्रसन्न हूँ। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया, कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ० सैय्यद अरशद रिज़्वी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित सह–समारोहक डा० अब्दुल लतीफ ने किया।










संरक्षक
डॉ० पी० के० वार्ष्णेय
प्राचार्य

प्रधान सम्पादक
डॉ० अब्दुल लतीफ़

सम्पादक मण्डल
डॉ० ज़ेबी नाज़, डॉ० राजकुमार, डॉ० उपदेश छिम्बाल
डॉ० इरम नईम, डॉ साक्षी त्यागी, डॉ० प्रशान्त द्विवेदी